NT>

Title: Need to accord sanction to proposals of Government of Chhattisgarh for declaration of Bilaspur-Ambikapur-Garhwa and Bilaspur-Ambikapur-Varanasi State Highways as National Highways.

श्री खेलसाय सिंह (सरगुजा) : उपाध्यक्ष महोदय, सरगुजा, छत्तीसगढ़ राज्य का एक आदिवासी बाहुल्य जिला है। आवागमन का साधन अच्छा नहीं होने के कारण पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और बिहार आन-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने केन्द्र सरकार को उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने के लिए दो नए राट्रीय राजमार्ग का प्रस्ताव भेजा है।

1. बिलासपुर-कटघोरा-अम्बिकापुर-रामानुजगंज,गढ़वा का प्रस्ताव दिनांक 3.3.01 को सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजा गया है।
2. बिलासपुर-कटघोरा-अम्बिकापुर-वोड्रफनगर-वाराणसी का प्रस्ताव दिनांक 8.6.02 को सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजा गया है।

अत माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, केन्द्र सरकार से प्रार्थना है कि जनहित में उक्त दोनों प्रस्तावित नए राट्रीय राजमार्ग की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाए।